15-9-2021

पत्रावली पेश हुई। सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित। गैरसायल जुमरदीन पुत्र गुलशेर खां, जाति– मुसलमान, निवासी– दक्षिणी मेघवालवास, सिरोही उपस्थित। गैरसायल के वकील श्री विक्रम परिहार उपस्थित। गैरसायल ने जुर्म/आरोप स्वीकारोक्ति का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर सहायक अभियोजन अधिकारी व गैरसायल के वकील की बहस सुनी गई। सहायक अभियोजन अधिकारी ने इस्तगासे में अंकित तथ्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए गैरसालय को सिरोही जिले से छः माह की अवधि के लिये निष्कासित करने का अनुरोध किया। जबकि गैरसायल के अधिवक्ता ने बहस के दौरान यह व्यक्त किया कि गैरसायल ने गैरसायल के विरुद्ध दर्ज धारा 13 आरपीजीओं के मुकदमों में लोक अदालत की भावना से जुर्म स्वीकार करने के कारण गैरसायल को न्यायालय ने दोष सिद्ध ठहराया है। गैरसायल के विरुद्ध दिनांक 01.1.2020 के बाद कोई मुकदमा दर्ज नही हुआ है। गैरसायल ने कभी शांतिभंग नही की है। गैरसायल गरीब व्यक्ति है जो मजदूरी कर अपना गुजारा कर रहा है। गैरसायल वर्तमान में किसी भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नही है। गैरसायल ने कभी भी शांति भंग नही की है, इसलिये गैरसायल के विरुद्ध प्रस्तुत कार्यवाही को ड्रॉप किया जावे।

हमनें सुनी गई बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का गंभीरतापूर्वक अध्ययन एवं अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट के अनुसार गैरसायल जुमरदीन पुत्र गुलशेर खां, जाति– मुसलमान, निवासी– दक्षिणी मेघवालवास, सिरोही के विरुद्ध पुलिस थाना, सिरोही में धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत अपराध संख्या 86 दिनांक 05.4.2019, 152/20.6.2019, 300/27.11.2019, 307/ 11.12.2019, 312 दिनांक 14.12.2019 व 01 दिनांक 01.1.2020 को दर्ज हुआ। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट अनुसार उक्त मुकदमों में गैरसायल के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये, जिनमें संबंधित न्यायालय द्वारा

.....लगातार

जुमरदीन

अति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही-307001

Signature Not Verified

Digitally signed by Kalu Ram Khod
Date: 2022.06.06 17:46:32 IST
Reason: SelfAttested

तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गुण्डा एक्ट मु.सं.02/2021	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म कीतामिल में जारी हुए

दोष सिद्ध ठहराया गया है। गैरसायल के विरुद्ध दर्ज अपराध संख्या 312 दिनांक 14.12.2019 व 01 दिनांक 01.1.2020 की प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतिया, इन दोनों मुकदमों में प्रस्तुत आरोप पत्रों की प्रतियां न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध है। उक्त अपराध संख्या 312 दिनांक 14.12.2019 व 01 दिनांक 01.1.2020 में संबंधित न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक क्रमशः 03.1.2020 व 11.2.2020 के गैरसायल जुमरदीन को दोष सिद्ध ठहराया गया है। इससे स्पष्ट है कि कि गैरसायल राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 2(ख)(V) में वर्णित अपराध करने का दोषी है व गुंण्ड़ा की श्रेणी में आता है। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि गैरसायल जुआं संबंधी अपराधों में लिप्त रहा है।

अतः उपरोक्त सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे को स्वीकार करते हुऐ गैरसायल जुमरदीन पुत्र गुलशेर खां, जाति– मुसलमान, निवासी– दक्षिणी मेघवालवास, सिरोही, जिला– सिरोही को राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के परिप्रेक्ष्य में 15 दिन की अवधि के लिये पुलिस थाना क्षेत्र, सिरोही से निष्कासित किया जाता है। इस निष्कासन अवधि में गैरसायल बिना पूर्व अनुमति के पुलिस थाना क्षेत्र, सिरोही की सीमा में प्रवेश नही करेगा, गैरसायल इस निष्कासन अवधि में एक सामान्य व अच्छे नागरिक की तरह जीवन यापन करेगा तथा किसी प्रकार के आपराधिक कृत्य नही करेगा। इसके अतिरिक्त, गैरसायल इस अवधि में किसी भी शैक्षणिक संस्था, धार्मिक स्थल, सार्वजनिक पार्क आदि के आस–पास अपनी उपस्थित नही देगा। गैरसायल उक्त निर्देश/निबन्धन एवं शर्तो का सम्यक पालन करने की दृष्टि से उक्त अधिनियम की धारा 7(1) के तहत राशि रुपये 20,000/– (अक्षरे रुपये बीस हजार मात्र) का स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत करेगा। आदेश सुनाया गया। माफिक आदेश गैरसायल ने स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत किया जो बाद तस्दीक शामिल मिसल किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो तथा निर्णय की प्रति थानाधिकारी, पुलिस थाना, सिरोही को पालनार्थ प्रेषित की जावे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Kalu Ram Khod
Date: 2022.06.06 17:46:32 IST
Reason: SelfAttested

(कालू राम खोड़)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही

जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय सिरोही (राज०)